वर्ष- 21 अंक - 220 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12



दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
बसंत पंचमी आज
इंदौर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...









# फौजशाला बनी भोजशाला

## सूर्योदय के साथ शुरू हुआ पूजन

## लगी लंबी कतार, दोपहर में होगी नमाज

धार ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आज बसंत पंचमी है और आज ही शुक्रवार होने के कारण धार की भोजशाला को फिर फौजशाला बनाना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आज भोजशाला में पूजा भी हो रही है और दोपहर में 1 बजे से 3 बजे तक नमाज भी होगी। एक साथ पूजा और नमाज के कारण भोजशाला को फौजशाला में तब्दील कर दिया गया। करीब 8000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और ड्रोन से भी निगरानी हो रही है। 1000 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कड़ी सुरक्षा में सूर्योदय के साथ ही हिन्दू समाज ने यहां हवन-पूजन शुरू कर दिया। भोजशाला में मां सरस्वती की आराधना हो रही है। भोजशाला में पूजा के लिए सुबह से ही लंबी कतार लगी है।**

### शोभायात्रा निकली

सुबह साढ़े 10 बजे शहर के लालबाग से भोजशाला तक शोभायात्रा निकाली गई। जबकि दोपहर सवा 12 बजे से धर्मसभा हो रही है। दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर महाआरती होगी।

भोजशाला में दिनभर वेदारंभ संस्कार भी होगा, शाम को सूर्यास्त के साथ ही हवन की पूर्णाहुति होगी। पूजा और नमाज के एक साथ होने के कारण भोजशाला के भीतर भी बड़ी तादाद में पुलिसकर्मी तैनात हैं। 100 पुलिसकर्मियों को छत पर भी तैनात किया गया है।



### इंदौर में भी अलर्ट

**भोजशाला में हो रही पूजा और नमाज के चलते आज इंदौर को भी अलर्ट पर रखा गया है। इंदौर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात की गई है।**

### संगम में आस्था की डुबकी

**प्रयागराज के संगम पर माघ मेले में वसंत पंचमी का बड़ा स्नान हो रहा है। सुबह 8 बजे तक यहां 1 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।**

### विमान और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**शुक्रवार.एजेंसी।** दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया। विमान के टॉयलेट में हाथ से लिखा नोट मिला, लेकिन विमान में कुछ नहीं मिला। इसी तरह नोएडा और अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

### अमेरिका में 5 साल के बच्चे को हिरासत में लिया

**मिनेसोटा.एजेंसी।** अमेरिका में मिनेसोटा के एक प्री-स्कूल से घर लौट रहे 5 वर्षीय मासूम बच्चे को फेडरल एजेंटों ने उसके पिता के साथ हिरासत में लिया है। दोनों को टेक्सास के एक हिरासत केंद्र में ले जाया गया। हाल के हफ्तों में यह चौथी घटना है। जब नाबा- लिग छात्रों को हिरासत में लिया गया।

### रातभर में चोरी हो गया लोहे का पुल

**कोरबा.एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में 60 फीट लंबा और 30 टन वजनी लोहे का पुल रातों-रात चोरी हो गया। चोर गैस कटर से काटकर पुल उठा ले गए। कल रात को 11 बजे तक यह पुल सही-सलामत था, लेकिन आज दोनों सिरों पर सिर्फ कटे हुए लोहे के ठूंठ मिले।

### तराना में बजरंग दल कार्यकर्ता की पिटाई के बाद पथराव बसों-दुकानों में तोड़फोड़

**उज्जैन.एजेंसी।** उज्जैन के तराना बस स्टैंड इलाके में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता सोहेल ठाकुर की दूसरे धर्म के लोगों ने पिटाई कर दी। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर पथराव किया, दुकानों और बसों में तोड़फोड़ की। घायल बजरंग दल कार्यकर्ता सोहेल ठाकुर का इलाज उज्जैन जिला अस्पताल में चल रहा है।

### रनवे पर खड़े दिखे 200 से ज्यादा प्लेन

**दावोस.एजेंसी।** दुनिया के सबसे ताकतवर और रसूखदार लोगों का जमावड़ा एक बार फिर स्विट्जरलैंड के दावोस में लगा है जहां पर्यावरण पर चर्चा हो रही है, लेकिन यहां पहुंच रहे खास मेहमान प्रदूषण फैलाने वाले प्राइवेट जेट विमानों से पहुंच रहे हैं। 19 और 20 जनवरी के बीच दावोस के एयरपोर्ट ज्यूरिख पर कुल 216 प्राइवेट जेट देखे गए।

# भारी बर्फबारी, 24 फ्लाइट रद्द



## कई रास्ते जाम, कटरा में रोकी गई वैष्णोदेवी यात्रा

शुक्रवार ● एजेंसी

मौसम का मिजाज एक बार फिर बिगड़ गया। इंदौर में आज सुबह-सुबह बादल छाए रहे। जबकि दिल्ली-एनसीआर में बूंदाबांदी हुई। उधर कश्मीर और हिमाचल में भारी बर्फबारी के कारण कई रास्ते जाम हो गए। विमान सेवा भी ठप हो गई। करीब 24 फ्लाइट रद्द करना पड़ी। बारिश और बर्फबारी के कारण वैष्णोदेवी यात्रा कटरा में ही रोकना पड़ा। श्रीनगर में भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स प्रभावित हुई। मुगल रोड (शोपियां-पुंछ-राजौरी) पर पीर की गली क्षेत्र में ताजा बर्फबारी से यातायात ठप है। जबकि सिंथन टॉप (किश्तवाड़-अनंतनाग) पर भी बर्फ जमा होने से सड़क बंद है। नवयुग टनल के पास भारी बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) यातायात के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। हिमाचल में मनाली शिमला और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

# कांग्रेस अध्यक्ष के दौरे के एक ही दिन बाद लाहुजी नगर के बदले हालात

## 10 दिन की दी थी चेतावनी, दूसरे दिन ही दिखा जेसीबी, डम्पर और कार्य करने की टीम के साथ असर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे गांधी नगर क्षेत्र के लाहुजी नगर में दो दिन पहले वहां के हालात देखने पहुंचे थे और रोड पर ड्रेनेज बहने और गंदा पानी मिलने पर चौकसे ने नाराजगी जाहिर कर कहा था कि अगर सारी व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो 10 दिन बाद कांग्रेस रोड पर आकर साथ में लेकर धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन करेगी। चेतावनी का असर दिखा और झोन की टीम ने पूरी ताकत कल लाहुजी नगर में झोंक दी। जेसीबी, डम्पर, ट्रक अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में पहुंचे और देखते ही देखते युद्ध स्तर पर पानी बहने से लेकर गंदगी तक सब साफ हो गई। इधर-उधर मलबा पड़ा था वह भी उठ गया, कचरा साफ हो गया, जो चेम्बर खुले पड़े थे उन पर ढक्कन लग गए। वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, दरोगा, एनजीओ की टीम और कई कर्मचारी कल काम पर लाहुजी नगर में नजर आए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर झोन अधिकारी और सीएसआई दरोगा को भी क्षेत्र में गंदगी नहीं दिख रही है और जब कांग्रेस दौरे पर पहुंचती है तो उसके बाद निगम की नींद खुलती है, निगम के पास भरपूर अमला और साधन है तो उसका झोन स्तर पर वार्डों में उपयोग क्यों नहीं होता है। कुल मिलाकर कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेसियों के दौरे का असर हुआ और जो 10 दिन की चेतावनी दी थी उसका असर 24 घंटे में हुआ। अभी भी कुछ काम बाकी है, जो निगम करने के लिए तैयारी कर रहा है। रहवासियों ने कहा कि स्ट्रीट लाइट की कमी है वह भी ठीक करा दी जाए और पीने का पानी गंदा पहुंच रहा है वह भी ठीक करा दिया जाए। अभी तो ड्रेनेज लाइन जो रोड पर बह रही थी वह बहना बंद हो गई, मलबा और कचरा उठ गया।





# नर्मदा पाइप लाइन संधारण कार्य का भार्गव ने किया निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव कल भागीरथपुरा पहुंचे और वहां उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र में नर्मदा पाइप लाइन संधारण कार्य एवं टंकी परिसर से क्षेत्र के अलग-अलग स्थान का निरीक्षण किया। वहीं मौजूद अधिकारियों को कहा कि पाइप लाइन बदलने के कार्य में तेजी लाई जाए। महापौर ने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो और सुचारू जलप्रदाय हो यह हमारी प्राथमिकता है। भार्गव द्वारा नर्मदा जलप्रदाय लाइन में किए जा रहे वॉल बदलने, रिपेयरिंग एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्यों की प्रगति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भागीरथपुरा क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो और सुचारू जलप्रदाय हो यह हमारी प्राथमिकता है, सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि वर्तमान में जिन क्षेत्रों में जलप्रदाय सुचारू रूप से हो रहा है, उसके साथ-साथ शेष क्षेत्रों में भी नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ में अभिषेक शर्मा बबलू, कमल वाघेला, अधिकारी आनंद रेदास सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।




# भाजपा नेता ने दी मुंबई पहुंचकर श्रद्धांजलि

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। चापड़ा महाराष्ट्र भाजपा के पूर्व केबिनेट मंत्री वरिष्ठ नेता राज के राजपुरोहित के निधन पर भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने मुंबई में आयोजित शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राजपुरोहित को महाराष्ट्र के राज्यपाल ओम माथुर प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण किरीट सोमैया शिवसेना प्रवक्ता साइना एनसी सहित प्रदेश के विधायक मंत्रियों ने सभा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।





# सेंट्रल डिवाइडर निर्माण कार्य का भूमिपूजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ए.बी. रोड स्थित बीआर.टी.एस. कॉरिडोर को हटाने की प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथम चरण में निरंजनपुर चौराहा से एलआईजी चौराहा तक सेंट्रल डिवाइडर निर्माण कार्य का भूमिपूजन ए.बी. रोड पर सी-21 मॉल के सामने महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं जनकार्य व उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर, बालमुकुंद सोनी, पूजा पाटीदार, अंकित चौधरी द्वारा किया गया।



# संकल्प से समाधान अभियान में 13 हजार से अधिक आवेदन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा चार के वार्ड 66 में संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के अंतर्गत अब तक कुल 13 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है और 10 हजार से अधिक आवेदन स्वीकृत की ओर अग्रसर है। झोन 12 के अन्तर्गत इस संकल्प से समाधान अभियान में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। कंचन गिदवानी, आदित्यनाथ नरेन्द्र पांडे, झोनल अधिकारी भी मौजूद थे।




# एमआईसी सदस्य ने किया ड्रेनेज लाइन का निरीक्षण




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। देपालपुर विधानसभा के शहरी वार्ड 16 की पार्षद सोनाली मुकेश धारकर ने जल एवं ड्रेनेज प्रभारी एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू को अपने वार्ड में आमंत्रित किया और पार्षद ने बांगडदा रोड पर डल रही बडी ड्रेनेज लाइन और क्षेत्र की जल समस्या बताई और यह भी बताया कि कार्य धीमी गति से चल रहा है, कुछ जगह काम होना बाकी है। इस पर एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू ने लाइनों का दौरा भी किया और ड्राइंग भी देखी और कार्य को गति देने के निर्देश भी दिए। इसके बाद नंदबाग मे ई सेक्टर की ड्रेनेज समस्या से पार्षद सोनाली-मुकेश धारकर ने अवगत कराया, जिस पर बबलू शर्मा ने फरवरी मे कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया तथा सभी लोगो को कहा है लाइन आगे डलेगी जिससे सफाई में परेशानी नही आयेगी। इस अवसर पर सुशील शर्मा, अनिता वोरा, स्वर्ण मेडल, अमित दुबे, सुनील रघुवंशी उपस्थित रहे।

# महू में प्रशासन अलर्ट... एक ओर स्वास्थ्य परीक्षण दूसरी ओर नालियों की सफाई







इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भागीरथपुरा की पेयजल त्रासदी के बाद अब महू के पत्ती बाजार स्थित चंदर मार्ग पर दूषित पानी पीने से रहवासियों के बीमार होने का मामला सामने आया है। इस क्षेत्र में करीब 20 बच्चे बीमार है। कल कलेक्टर शिवम वर्मा ने महू जाकर पीडितों से बात भी की। भागीरथपुरा कांड को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया।

## भागीरथपुरा मामले को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद

क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर भी कल महू में बीमार बच्चे और लोगों से मिलने पहुंची थी। हाल ही में चल रहे भागीरथपुरा में दूषित पानी मामले को लेकर प्रशासन और सरकार किरकिरी झेल रही है। वहीं दूसरी ओर अब महू में दूषित पानी से बीमार होने का मामला जैसे ही सामने आया प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए प्रशासन की टीमें तैनात हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग आज सुबह से पत्ती बाजार क्षेत्र में लोगों के घर पूछताछ कर रहा है। कैम्प भी लगाने की तैयारी चल रही है। वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मी भी तैनात किए गए है। बैकलाइन और नालियों की सफाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कल यह बात भी सामने आई थी कि चंदर मार्ग की गली में नर्मदा की पाइप लाइन नालियों के बीच से गुजर रही है, इसी में लीकेज की आशंका भी है। इसी कारण आज सुबह से ड्रेनेज सफाई कार्य चल रहा है।

# बड़ी संख्या में कांग्रेसी सुभाषचन्द्र बोस प्रतिमा पहुंचे गांधी भवन से फोन भी लगे थे, मैसेज भी हुए थे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज देश के महापुरुष सुभाषचन्द्र बोस की जन्म जयंती है जो देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी मनाई जा रही है। आज जयंती के लिए कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन से कांग्रेसियों को फोन भी किए गए थे और मैसेज भी भेजे गए थे, इसका असर दिखा और बड़ी संख्या में कांग्रेसी आज बड़ा गणपति स्थित सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर पहुंचे एवं श्रद्धासुमन के रूप में माल्यार्पण किया गया और नेताजी के आदर्श पर चलने का संकल्प भी लिया। चिंटू चौकसे, संजय बाकलीवाल, विकास जोशी, दीपू यादव, धर्मेन्द्र गेंदर, सुधीर



सेठिया, दीपक मलोरिया रानू, सत्यनारायण सलवाड़िया, कमलेश पाठक, सुनील यादव, नकुल पाटोदी, सुनील गोधा, ठाकुर जितेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता ने कराई लाइटिंग

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने अपनी संस्था युवा पैगाम के बैनर तले आज सुभाषचन्द्र बोस प्रतिमा पर लाइटिंग लगवाई है और आज शाम वहां कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे। महापुरुषों की वेशभूषा में बच्चे भी नजर आएंगे। वही पीयुष वाजपेयी, गोपाल भावसार, श्याम अग्रवाल का सम्मान भी किया जाएगा। फूलों से श्रृंगार भी होगा।



## भाजपाइयों ने भी किया नेताजी को याद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सुभाषचंद्र बोस की आज जन्म जयंती पर उनकी बड़ा गणपति स्थिति प्रतिमा पर आज सुबह रजत गर्ग, सावन वर्मा, आशीष कसेरा, अरुण जाट, दीपक बागवान सहित अन्य ने माल्यार्पण किया।

# भाजपा नेता गोल्डी राठौर पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

## प्लॉट बेचने के नाम पर साढ़े आठ लाख की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लसूड़िया थाना क्षेत्र में प्लॉट खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। एक महिला से प्लॉट का सौदा कर आरोपी ने कूट रचित दस्तावेज तैयार किए और करीब 8.46 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने धोखाधड़ी और बेईमानी की विभिन्न धाराओं में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, तलावली चांदा एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी रोड स्थित बीआरजी शांगरीला की निवासी वर्षा नायर ने शिकायत दर्ज कराई है। वर्षा के अनुसार, आरोपी गोल्डी पिता सत्यनारायण राठौर निवासी शिक्षक नगर ने उन्हें एक प्लॉट बेचने का झांसा दिया था। आरोपी ने कथित विक्रय अनुबंध दिखाकर वर्षा का भरोसा जीत लिया और सौदा तय कर लिया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि प्लॉट के सौदे के एवज में आरोपी गोल्डी ने उनसे अलग-अलग किश्तों में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और नगदी के रूप में कुल 8,46,000 रुपये प्राप्त कर लिए। पैसे लेने के बाद जब रजिस्ट्री की बात आई, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। जांच करने पर पता चला कि आरोपी की नीयत शुरू से ही बेईमानी की थी और उसने अनैतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर यह धोखाधड़ी की। लसूड़िया पुलिस ने वर्षा नायर की शिकायत पर आरोपी गोल्डी राठौर के खिलाफ केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि गोल्डी राठौर भाजपा से जुड़े हुए हैं, उन्हें भाजपा के स्वयंसेवी संस्थाएं एनजीओ प्रकोष्ठ के रवि लोहानी ने 14 जनवरी 2023 को एनजीओ प्रकोष्ठ में गोल्डी राठौर को इंदौर संभाग सहमीडिया प्रभारी विधानसभा 1 का बनाया था। उसी आधार पर यह माना जा रहा है कि गोल्डी राठौर भाजपा नेता है। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पुलिस प्रशासन परीक्षाओं को लेकर अलर्ट डीजे और लाउड स्पीकर तेज बजाने पर प्रतिबंध

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आगामी वार्षिक परीक्षाओं पर भी प्रशासन का ध्यान है। विद्यार्थियों को परेशानी ना हो इसलिए पुलिस प्रशासन ने तेज आवाज में डीजे और लाउड स्पीकर बजाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश इसीलिए है कि विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी तरह की बाधा ना हो। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर और डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध किया गया है।

# अधिवक्ता कल मृतक हेमंत गायकवाड़ के परिजनों से करेंगे मुलाकात

## आत्मनिर्भर बनाने के लिए करेंगे बात

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अधिवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि भागीरथपुरा में मृत हुए चार बेटियों के पिता हेमंत गायकवाड़ के परिजनों से कल 24 जनवरी को मुलाकात करेंगे और परिवार में किसी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खातिर चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि हेमंत गायकवाड़ा की चार बेटियां है और पत्नी, माँ भी है और हेमंत ई-रिक्शा चालक था और परिवार चलाता था। अधिवक्ता चाहते हैं कि परिवार आत्मनिर्भर बने इसलिए कल अधिवक्ता अपने प्रतिनिधि भेजकर सहयोगी बनना चाहते हैं। क्या कार्य कर सकते हैं या रोजगार चाहते हैं, तो व्यवस्था में अधिवक्ता सहायक बनेंगे। रोजगार या कार्य का निर्णय परिवार को लेना होगा। पांच अधिवक्ता प्रमोदकुमार द्विवेदी, रोशन पोरवाल, सतनामसिंह छाबड़ा, साधना पांजरे, सरोज अग्रवाल मिलने जाएंगे।

# बाणगंगा में महिला की हत्या

## हाथ बंधी लाश मिली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज सुबह बाणगंगा इलाके के नंदबाग कालोनी में एक महिला की उसके घर में हाथ बंधी लाश मिलने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला की शिनाख्त गायत्री पति सुनील (35) के रूप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया। बताते हैं कि मृतका की लाश नंदबाग स्थित उसके निवास पर मिली। घर के अंदर का दृश्य देखकर लोग दहल गए। महिला के हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। बताया जा रहा है कि संघर्ष के बाद महिला का गला घोटकर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस हत्याकांड के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नेमावर रोड स्थित प्रभु तौल कांटा के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। घटना देर रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। आजाद नगर पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजेन्द्र (51) के रूप में हुई है। वह नेमावर रोड पर प्रभु तौल कांटा के पास मौजूद था, तभी ट्रक नम्बर एमपी 09 एचजी 2508 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# धर्मराज कॉलोनी में मकान तोड़ने पहुंची निगम की टीम बैरंग लौटी

## लोगों ने किया विरोध, पुलिस नहीं थी साथ तो वापस आना पड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की रिमूवल गैंग को धर्मराज कॉलोनी में अवैध निर्माण तोड़ने से पहले ही बैरंग वापस लौटना पड़ा। निगम की इस कार्रवाई का क्षेत्र के लोगों ने विरोध किया। मौके पर पुलिस बल मौजूद नहीं था। जिसके चलते हुए निगम के अधिकारियों ने वापस जाने में ही अपनी भलाई समझी।**

शहर में बिना अनुमति के जिन कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है उनमें बन रहे मकान के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए कल नगर निगम के द्वारा पहली पहल की गई थी। इस पहल के अंतर्गत निगम की टीम धर्मराज कॉलोनी में मकान तोड़ने के लिए पहुंची थी। वहां पर चार मकान का निर्माण तेज गति से चल रहा है। इसके साथ ही नाले के किनारे भी दीवार बना दी गई है।

निगम की टीम मौके पर पहुंचने के बाद कार्रवाई करने का कार्य शुरू करती उसके पहले ही लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। नगर निगम की ओर से आग्रह किए जाने के बावजूद कल इस कार्रवाई के दौरान निगम को पुलिस बल नहीं मिल सका। ऐसे में नगर निगम के अधिकारियों ने कार्रवाई न करते हुए चेतावनी देकर वापस लौटकर आ जाना ही उचित समझा। इन कर्मचारियों के द्वारा 5 दिन में मकान को तोड़ लेने की चेतावनी देकर मौके से रवानगी की डाल दी गई।

अब यह तो सभी को समझ में आता है कि अवैध कॉलोनी में जो व्यक्ति मकान बना रहा है वह अपने मकान को निगम की चेतावनी के आधार पर नहीं तोड़ लेगा। निगम के अधिकारियों ने चेतावनी देकर अपनी कागजी खाना पूर्ति कर ली है। अब निगम की ओर से आने वाले समय में फिर से धर्मराज कॉलोनी में कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

# स्कूल-कॉलेजों से लेकर घर और मंदिर में माँ सरस्वती की आराधना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज माँ सरस्वती की आराधना का दिन बसंत पंचमी के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज प्रमुख रूप से स्कूल और कॉलेज में माँ सरस्वती की प्रतिमा और चित्र पर सभी जगह पूजन के आयोजन किए गए। विद्यार्थियों और अध्यापकों ने माँ का पूजन कर माल्यार्पण भी किया। वहीं आज सरस्वती मंदिरों में भी विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। घरों में माँ सरस्वती का चित्र पूजन किया जा रहा है। वहीं घरों में आज मीठे पीले चावल बनाकर माँ सरस्वती को भोग लगाया गया है। आज कई हिन्दूवादियों ने पीले कलर के कपड़े पहनकर माँ सरस्वती के जयकारे भी लगाए। आज से बसंत पर्व भी शुरू हो चुका है। कुल मिलाकर आज बसंत पंचमी का पर्व हिन्दू समाज हर्ष और उल्लास के साथ माँ सरस्वती की आराधना के साथ मना रहा है। सबसे ज्यादा आयोजन स्कूल और कॉलेज में हुए। वहीं हर घर में भी पर्व मनाया जा रहा है और बसंत का आगाज आज से माना जाता है।





# माँ सरस्वती की पालकी यात्रा निकाली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज गुप्त नवरात्रि में माँ सरस्वती का दिन बसंत पंचमी के रूप में आया। आज सुबह से आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में साहित्य सागर संस्था ने गांधी हॉल से बसंत पंचमी पर पालकी यात्रा निकाली, जो एमटीएच कम्पाउण्ड होते हुए राजवाड़ा पहुंची। जगह-जगह रास्ते में माँ का पालकी में पूजन किया गया।

# अब भोपाल जाने वालों को देवास के बाद सड़क पर नहीं दिखेगा कचरा

## वैक्यूम मशीन से होगी सड़क की सफाई, दो विभागों के बीच हुआ एमओयू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर से राजनीतिक राजधानी भोपाल जाने वाले लोगों को अब देवास से भोपाल के बीच में सड़क पर कचरा नजर नहीं आएगा। इस क्षेत्र में सड़क की सफाई वैक्यूम मशीन के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार के दो विभागों के बीच कल एमओयू हुआ है।

इंदौर से भोपाल जाने वाले लोग देवास के बाद से लेकर भोपाल तक के रास्ते में सड़क पर पड़े कचरे को देखकर नाराज होते थे। इन लोगों को यह कचरा अच्छा नहीं लगता था। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के होने के कारण निश्चित तौर पर कचरा देखने पर नाराजगी उभर कर सामने आती है। इस पूरे क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके चलते हुए वहां पर सड़क पर बहुत सारा कचरा फैला हुआ नजर आता है। यह कचरा जब वाहन चालक वाहन चलाते हैं तो उन्हें कई बार तेज हवा चलने पर उड़ता हुआ भी नजर आता है। इस स्थिति को बदलने के लिए राज्य सरकार ने अब कदम उठाया है। प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के साथ मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के द्वारा कल एमओयू किया गया है। इसके अनुसार अब वैक्यूम मशीन के माध्यम से देवास से लेकर भोपाल तक के पूरे मार्ग की सफाई का काम किया जाएगा। इस मशीन के द्वारा सफाई करने के साथ ही साथ सड़क पर फैले हुए कचरे को एकत्र भी कर लिया जाएगा। इस व्यवस्था से देवास से लेकर भोपाल तक का पूरा मार्ग साफ सुथरा और अच्छा हो सकेगा।

इस व्यवस्था के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला पंचायत सीहोर को दी गई है। इस मार्ग पर स्थित टोल नाका से इस व्यवस्था के संचालन के कार्य को किया जाएगा। इस व्यवस्था को लागू कब से किया जाएगा इसकी कोई अवधि तो नहीं बताई गई है लेकिन ऐसा समझा जाता है कि अब जल्द ही यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

### पहली बार ऐसा प्रयोग

मध्य प्रदेश में यह पहला मौका है जब दो विभागों के द्वारा इस तरह से समझौता करके वैक्यूम मशीन के माध्यम से सड़क की सफाई करने का फैसला लिया गया है। अब तक प्रदेश के किसी भी स्टेट हाईवे पर इस तरह की व्यवस्था को लागू नहीं किया गया है यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो इस तरह की व्यवस्था प्रदेश के दूसरे स्टेट हाईवे पर भी लागू करने का रास्ता खुल जाएगा।

# धार भोजशाला को लेकर इंदौर में भी 'हाईअलर्ट'

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

धार भोजशाला में बसंत पंचमी के धार्मिक आयोजन और शुक्रवार की नमाज को लेकर उपजे विशेष घटनाक्रम के मद्देनजर इंदौर पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पड़ोसी जिले में चल रही गहमागहमी को देखते हुए इंदौर प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

**संवेदनशील इलाकों में पुलिस की विशेष चौकसी**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर के सभी थाना क्षेत्रों, विशेषकर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत गश्त करें और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखें। इंदौर में भी एहतियात बरती जा रही है ताकि शांति और व्यवस्था बनी रहे। पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से सीसीटीवी कैमरों और सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह को फैलने से रोका जा सके। अधिकारियों का कहना है कि शहर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है।

# उर्स में दरगाह शरीफ पर पेश की चादर

## 316 मेधावी विद्यार्थियों को बांटे छात्रवृत्ति के चेक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सैयद नूरुद्दीन नाहर शाह वली सरकार के उर्स का आगाज खजराना स्थित दरगाह शरीफ पर चादर पेश कर हुआ। इस दौरान अमन ओ चैन दुआ मांगी। तीन दिनी उर्स के दौरान यहां अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं 316 मेधावी बच्चों को 10-10 हजार रुपये की स्कॉलरशिप के चेक वितरित किए गए। उर्स में मीना बाजार, झूले और खानपान की दुकानें भी लगी हैं। मीना बाजार में पुरूषों की एंट्री प्रतिबंधित की गई है। इस दौरान डॉ.



सनोवर पटेल, डॉ. रिजवान पटेल, रेहान शेख, सैयद वाहिद अली, जमीला पटेल, उस्मान पटेल, अन्नू पटेल, अजहर शेख, यूनूस पटेल, इम्तियाज मेमन, थाना प्रभारी मनोजसिंह सेंधव मौजूद थे। कल रात कव्वाली का आयोजन भी किया गया जिसमें आफताब कादरी और खालिद साबरी ने अपने सूफियाना कलाम पेश किए। आज रात रईस अनीस साबरी और 24 जनवरी को प्रसिद्ध कव्वाल हमसर हयात निज़ामी की कव्वाली होगी। उर्स का समापन 25 जनवरी को सुबह 8 बजे महफिल-ए-रंग और फातेहा ख्वानी के साथ किया जाएगा।

# निशुल्क ब्लड कॉल सेंटर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्रॉस रेडक्रॉस के सहयोग से दामोदर युवा संगठन द्वारा



संचालित निशुल्क ब्लड कॉल सेंटर पिछले 18 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सेवा दे रहा है। रक्तदाताओं को लाने-ले-जाने के लिए रक्तदाता वाहिनी गाड़ी लगा रखी है। अशोक नायक, अशोक गोयल ने बताया कि और गाडियां भविष्य में चालू होगी।



# राम मंदिर अयोध्या के स्थापना दिवस पर आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर तुलसी नगर क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी तुलसी नगर स्थित अनंतेश्वर धाम के राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर सरस्वती धाम स्थित राम जानकी मंदिर तक निकाली गई।बडी संख्या में मातृशक्तियां भी शामिल हुई। सीताराम पाटील, राकेश जायसवाल, तुलसीराम यादव, विनीत मिश्रा, प्रशांत पारे, हरिओम मंडलोई, संजय झा, पूनम पटेल, धीरज दारपोरकर, संजय नामदेव सहित अन्य मौजूद थे।

# चिन्मय अमृत यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चिन्मय अमृत यात्रा का कल शाम आनंदवन 2, स्कीम नंबर 140 परिसर में आगमन हुआ। जिसका स्वागत भी किया गया और कार्यक्रम भी हुआ। बडी रंगोली भी बनाई गई। 108 दीप प्रज्वलित किए गए।रजनी गुप्ता ने श्रीमद्भगवद्गीता के 16वें अध्याय के श्लोक संस्कृत में सुनाए। अनुकूलानंद,स्वामी प्रभुदानंद सरस्वती, तारकेश्वर सिंह, डॉ. पी.सी. दुबे, महेश शर्मा, समरेंद्र सिंह, शाश्वत गुप्ता, प्रवीण भागवत, डॉ. सुभाषचंद्र तिवारी, आर.एस. तोमर, केशव गुप्ता एवं के.के. अरोरा का योगदान रहा। पुलिस अधिकारी सीमा अलावा ने उदबोधन भी दिया।



# सत्यनारायण की कथा एवं भंडारे का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अयोध्या में रामलला के स्थापना अवसर पर जगदगुरु श्री माधव गौ सेवा समिति इंदौर व बालाजी मंदिर समिति ऋषभ विहार कॉलोनी बायपास पर 108 अष्टोत्तरशत श्री



सत्य नारायण जी की कथा, पूजन, हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री जानकी प्रपन्नाचार्य महाराज और पप्पू गोस्वामी,जीतू गोस्वामी, धर्मेंद्र केथवास, अशोक यादव, प्रभु भैया, संतोष गुर्जर, बबलू यादव, सत्यनारायण यादव, ब्रजेश भैया, अजय पटेल, शुभम जायसवाल मौजूद थे।



# नेत्र शिविर में पहुंचे 165 लोग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय सामाजिक संस्था विध्याचल सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान मे सरस्वती गार्डन न्यू राजाबाग कालोनी पर नेत्र शिविर में 165 मरीजों ने लाभ लिया, 18 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे। जरूरतमंद को 98 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।

# फैशन शो और नाटक में दिखी छात्रों की प्रतिभा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों की विदाई के अवसर पर फ्रेशर्स एवं फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना पर आधारित नृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुकेश गिरी गोस्वामी अतिथि थे।



विद्यार्थियों ने रैम्प वाक, नाट्य मंचन, लोक नृत्य, कथक तथा वेस्टर्न डांस भी प्रस्तुत किया। संचालन छात्रा प्रिया पृथी, प्रज्ञा एवं सुरेश द्वारा किया गया।

## समाधि दिवस पर भजन संध्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विद्यासागर म.सा. के द्वितीय समाधि दिवस पर भजन संध्या एवं गुरुवर के जन्म से समाधि तक की दिव्य जीवन गाथा को दर्शाती एक अद्भुत और प्रेरणादाई डॉक्युमेंट्री फिल्म का विशेष प्रदर्शन 27 जनवरी शाम 7 बजे 56 न्यू देवास रोड़ मालवा मिल पर किया जाएगा। भजन गायक ह्रितिक जैन प्रस्तुति देंगे। इस दिन प्रत्येक जैन परिवार एक-एक दीपक गुरुवर के नाम लगाएंगे। बाहर से भी जैन समाजजन आयोजन में आएंगे। उक्त जानकारी पूनमचंद सतभैया ने दी।

# चार दिवसीय क्रेडाई प्रॉपर्टी शो का शुभारंभ

## लोकेशन, साइज़ और बजट देखकर विज़िटर्स चुन सकते है अपनी मनपसंद प्रॉपर्टी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सी-21 एस्टेट ग्राउंड, एम आर 10 पर शहर के सबसे बड़े क्रेडाई प्रॉपर्टी शो का शुभारम्भ आज किया ज़ा रहा है। आज से चार दिनों 26 जनवरी तक प्रतिभागी बिल्डर शिरकत कर रहे है। आज शुभारम्भ पर सभी प्रतिभागी बिल्डर्स मौजूद है। विज़िटर्स ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाकर हर तीन घंटे में आईपैड जीतने का मौका भी पा सकते है। यहाँ प्रॉपर्टी के 200 से अधिक ऑप्शंस प्रदर्शित किये जा रहे हैं। प्रेजेंटिंग पार्टनर एमरल्ड ग्रुप, माइक्रो मिट्टी गोल्ड स्पॉन्सर : स्काय अर्थ, लाभम, एम. झवेरी, एसएस इन्फिनिटस सिल्वर स्पॉन्सर रुचि रियल्टी, शुभम ग्रुप, बीसीएम ग्रुप, ड्रीम ग्रुप। इस विशेष अवसर पर क्रेडाई के चेयरमैन विजय गांधी ने कहा कि - शहर को विकसित करने में क्रेडाई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है। क्रेडाई द्वारा ग्राहक और डेवलपर्स के मध्य सेतु का कार्य किया है। क्रेडाई इंदौर के प्रेसिडेंट संदीप श्रीवास्तव ने कहा, कि प्रॉपर्टी शो में डेवलपर्स द्वारा विज़िटर्स को रेडी टू मूव हाउसेस, अंडर कंस्ट्रक्शन व रेडी पजेशन प्रॉपर्टी के ऑप्शंस दिखाए जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि यह सभी ऑप्शंस विज़िटर्स के बजट के अनुरूप है। क्रेडाई सेक्रेटरी सुमित मंत्री ने कहा, कि हालिया माहौल में लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने में ज्यादा इंटरेस्टेड है। ऐसे में इस तरह के शो उनके लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वह अपने सपने को पूरा कर सकते हैं। इसके अलावा खरीदी में फाइनेंस भी अब बड़ा मुद्दा नहीं रहा है और होम लोन के रेट्स भी इस समय ऐतिहासिक रूप से कम है। प्रॉपर्टी शो में विविध ऑफर्स, न्यूनतम ईएमआई पर उपलब्ध है। एमरल्ड डेवलपर्स के सीईओ तपन अग्रवाल ने कहा कि'इंदौर रिवर्स माइग्रेशन, आईटी व कॉरपोरेट विस्तार और धार्मिक पर्यटन के चलते तेजी से देश के सबसे भरोसेमंद रियल एस्टेट बाजारों में शामिल हो रहा है। आज का खरीदार केवल ईंट-सीमेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि बेहतर लाइफस्टाइल, ओपन स्पेस और लॉन्ग-टर्म वैल्यू को प्राथमिकता दे रहा है। एमरल्ड डेवलपर्स का मानना है कि पारदर्शिता, क्वालिटी डेवलपमेंट और सही लोकेशन ही रियल एस्टेट में स्थायी विश्वास की नींव हैं। क्रेडाई प्रॉपर्टी शो जैसे आयोजन इस दिशा में इंडस्ट्री को मजबूत आधार प्रदान करते हैं।' माइक्रो मिट्टी के फाउंडर एवं सीईओ मनोज धनोतिया ने कहा कि 'इंदौर तेजी से देश के सबसे स्मार्ट और भरोसेमंद रियल एस्टेट मार्केट्स में अपनी पहचान बना रहा है। क्रेडाई प्रॉपर्टी शो जैसे प्लेटफॉर्म ग्राहकों को एक ही स्थान पर सही लोकेशन, सही बजट और सही बिल्डर चुनने का अवसर देते हैं। माइक्रो मिट्टी का विश्वास है कि रियल एस्टेट सिर्फ घर खरीदने का निर्णय नहीं है, बल्कि यह परिवार के भविष्य और दीर्घकालीन वेल्थ क्रिएशन का सबसे मजबूत माध्यम है। इस भव्य आयोजन में प्रेजेंटिंग पार्टनर के रूप में जुड़कर हमें गर्व है और हम इंदौर के रियल एस्टेट इकोसिस्टम को और अधिक पारदर्शी, प्रोफेशनल और ग्राहक-केंद्रित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

# वैश्विक मंच पर मध्यप्रदेश निवेश भी विकास भी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF-2026), दावोस यात्रा ने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश एवं नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। यह यात्रा मध्यप्रदेश के लिए निवेश, रोज़गार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ ही प्रदेश के हरित, डिजिटल और समावेशी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई है।"



### हरित ऊर्जा एवं समावेशी विकास

- मध्यप्रदेश के हरित ऊर्जा विज़न का प्रदर्शन
- सौर ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण जैसी परियोजनाओं की प्रगति और भावी योजनाओं से वैश्विक निवेश
- हरित ऊर्जा विज़न से प्रेरित मध्यप्रदेश मॉडल का वैश्विक मंच पर रेखांकन

### निवेश प्रोत्साहन एवं उद्योग संवाद

- 'इन्वेस्ट इन इंडिया : मध्यप्रदेश' राउंड टेबल मीटिंग में वैश्विक निवेशकों से संवाद
- ऑटोमोबाइल, नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मा, आईटी, कृषि-प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश एवं रोज़गार के अवसर

### फार्मा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति

- सैंडोज़ प्रतिनिधि मंडल के साथ फार्मा विनिर्माण पर परिचर्चा
- जेनेरिक दवाओं एवं एपीआई निर्माण में निवेश की संभावनाएं
- उन्नत अवसंरचना, नीतिगत समर्थन एवं कुशल कार्यबल विकास पर चर्चा

### पर्यटन को मिला वैश्विक मंच

- 'रीइमेजिनिंग टूरिज्म एट स्केल' सत्र में मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन आकर्षणों का प्रस्तुतिकरण
- विरासत, वन्यजीव और आध्यात्मिक पर्यटन को वैश्विक निवेश से जोड़ने पर बल
- 'अतुल्य भारत के हृदय प्रदेश' की विकास यात्रा में वैश्विक निवेशकों को आमंत्रण

### अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को मजबूती

- मालदीव से द्विपक्षीय वार्ता में पर्यटन, चिकित्सा, शिक्षा एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग पर सहमति
- अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को मिलेगी मजबूती

### डिजिटल भविष्य को मिलता बल

- ReNew Power के साथ संवाद में डेटा सेंटर और डिजिटल इकोनॉमी के लिए स्वच्छ ऊर्जा-आधारित विकास मॉडल पर परिचर्चा
- मध्यप्रदेश को विश्वसनीय हरित ऊर्जा केंद्र के रूप में स्थापित करने पर बल

### खेल विकास एवं योग को बढ़ावा

- मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ खेल विकास एवं खेल पर्यटन पर चर्चा
- योग एवं आध्यात्मिक कल्याण से जुड़े वैश्विक संगठनों के साथ संवाद
- उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय योग केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा

### तकनीक एवं नवाचार को प्रोत्साहन

- स्विस संसद के सदस्यों के साथ स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण एवं कौशल विकास पर चर्चा
- तकनीकी प्रशिक्षण एवं हरित नवाचार में सहयोग
- स्विस निवेश एवं विशेषज्ञता को मध्यप्रदेश की प्राथमिकताओं से जोड़ने पर सहमति

### आर्थिक विकास एवं रोज़गार को बल

- मध्यप्रदेश और डीपी वर्ल्ड के मध्य एमओयू से व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगी नई दिशा
- लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की संभावनाओं से आर्थिक विकास एवं रोज़गार को बढ़ावा

## मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में बनें सहभागी

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

D-11189/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026






# सर्वोदय स्कूल में बसंत पंचमी उत्सव

## माँ सरस्वती की पूजा और फूलों से बनाई रंगोली

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार की प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि आज बसंत पंचमी पर स्कूल में अध्यापकों और विद्यार्थियों की मौजूदगी में माँ सरस्वती का पूजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थी आज पीली वेशभूषा में मौजूद रहे। वहीं आज फूलों से स्कूल में रंगोली भी सजाई गई, माँ की आरती भी हुई। विद्यार्थियों को बसंत उत्सव की जानकारी भी दी गई।



# कसेरा बाजार स्कूल में सरस्वती पूजा और यलो-डे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 गुमाश्ता नगर में आज सुबह बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती का पूजन विद्यार्थियों, अध्यापकों की मौजूदगी में किया गया। आज विद्यार्थियों के लिए यलो कलर की वेशभूषा का आयोजन भी किया गया था। आज यलो-डे एवं फ्लावर-डे मनाया गया और कई विद्यार्थियों ने आज बसंत पंचमी पर उद्बोधन भी दिए। फ्लावर के रूप में भी विद्यार्थी शृंगारित होकर पहुंचे। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, इंचार्ज एवं अध्यापक, विद्यार्थी मौजूद रहे।



## परिवहन कार्यालय में भंडारा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्रीराम मंदिर अयोध्या की वर्षगांठ पर परिवहन कार्यालय पर भंडारे का आयोजन किया गया। छप्पन भोग लगाकर आरती की गई। विभाग से जुड़े एजेंट और अधिकारी, कर्मचारी, बाबू मौजूद रहे। सुनील यादव, अर्पित अग्रवाल, प्रकाश गायकवाड़, सूरज चौहान, नितिन पटेल, जितेंद्र ठाकुर, जितेंद्र भैया, कमलेश जाट, मंजीत यादव, रोहित मावठे, बंटी गोयल, अभिषेक तिवारी, मनोज गुंदीया, धर्मेन्द्र प्रजापत ने अपनी सेवाएं दी।



## 150 कलाकारों ने दी कत्थक और भरतनाट्यम की प्रस्तुति

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नृत्य सागर कथक केंद्र द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता झंकार में मध्यप्रदेश के 150 उभरते कलाकारों ने प्रतियोगिता में कथक और भरतनाट्यम में एकल और ग्रुप नृत्य की प्रस्तुति दी। इसमें एकल नृत्य प्रतियोगिता में भाविनी कुमावत प्रथम, सनाया आनंद द्वितीय स्थान पर रहीं। ग्रुप डांस में ध्रुपद डांस अकादमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 5 वर्षीय मनस्वी राठौर और अनाया सेन ने राधा-कृष्ण के रूप में नृत्य की प्रस्तुति दी। तनिल पटेल, निकिता गौर ने अपनी भूमिका निभाई।

## इन्दौर प्रेस क्लब में आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** वसंत पंचमी पर इंदौर प्रेस क्लब परिसर स्थित मां सरस्वती मंदिर में हवन-पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम और महासचिव प्रदीप जोशी ने बताया कि प्रतिवर्ष वसंत पंचमी पर प्रेस क्लब स्थित मां सरस्वती मंदिर में यह आयोजन होता है, जिसमें मीडियाकर्मी एवं शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहकर मां सरस्वती की आराधना करते हैं।

# मोक्ष धाम पर पहली बार आज से भागवत

## दिवंगतों की अस्थियों का विसर्जन करेंगे

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आज जूनी इंदौर स्थित मोक्ष धाम परिसर के महामृत्युंजय मंदिर पर पहली बार श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा का आयोजन किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक भागवत के पहले शोभायात्रा निकाली जा रही है। श्यामसुन्दर शास्त्री प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक भागवत कथामृत का रसपान कराएँगे। अशोक सारडा, राजेश जोशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि श्मशान घाटों पर अस्थियों का संग्रह है। समिति ने निश्चय किया कि अगर 30 जनवरी तक अस्थियां परिजन नहीं ले गए तो उनका विधिवत विसर्जन भी कर दिया जाएगा।

## हंसदास मठ में यज्ञोपवित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हंसदास मठ बिजासन रोड पर आज बटुकों के यज्ञोपवित का आयोजन किया जा रहा है। वहीं दोपहर में पूर्व से चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति भी की जा रही है। आज बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती सहित अन्य देवी देवताओं का पिताम्बर परिधान में शृंगार किया गया। आज भी सुबह से यज्ञशाला से परिक्रमा जारी है। रामचरणदास महाराज और पवनदास महाराज का सानिध्य मिला हुआ है।



## जावरा कम्पाउण्ड में हुआ धार्मिक कार्यक्रम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** रामलला मंदिर अयोध्या के दो वर्ष पूर्ण होने परा जावरा कम्पाउण्ड रहवासी संघ ने धार्मिक आयोजन किया। विधायक गोलू शुक्ला, संजय अरोड़ा, केदार सारडा, गिरिश गुप्ता एवं संयोगितागंज पुलिस के थाना प्रभारी से लेकर अन्य भी मौजूद रहे।

## वीर अलीजा दरबार में कल गुरु को किया जाएगा याद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वीर अलीजा सरकार दरबार पंचकुइया में कल 24 जनवरी को बाल ब्रह्चारी प्रभुवानंद सदगुरुदेव का नवम पुण्यतिथि आयोजन होगा। भजन, कीर्तन, प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। कल सुबह 5 बजे गुरु पाद पूजन के बाद फूल बंगला, शृंगार भी होगा। कल सुबह 9 बजे 108 हनुमान चालीसा का पाठ होगा, शाम 5 बजे महाआरती, प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# नाकोड़ा भैरव भक्ति का आयोजन कल शाम

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नाकोड़ा बंदे ग्रुप द्वारा नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति को समर्पित धार्मिक आयोजन 'एक शाम पार्श्व भैरव भक्ति के नाम' श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ कल शाम 7 बजे से श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर, गुमाश्ता नगर में आयोजित किया जाएगा। सिद्धार्थ मुथा ग्रुप एवं लक्की साखलिया द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दीप शृंगार भी होगा, मध्य रात्रि में महाआरती भी होगी। मुनि राजेश म.सा. मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी विपिन साँखला, गौरव गुड़वाला एवं कुलदीप बुरड़ ने दी।

# खाटूश्याम बाबा का विशेष शृंगार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में करेंसी नोटों से श्याम बाबा का शृंगार किया है। आज सुबह मालवीय नगर स्थित मंदिर से रथ यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें सैकड़ो श्याम भक्त शामिल थे। मंदिर स्थित सभी देवालयों का भी फूलों से शृंगार किया गया है। आयोजन से मदनलाल शर्मा, राकुमार अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, राजू चितलांगिया, नाना राठौर, ओम शर्मा, मनोज चितलांगिया, अंकुर सुरेका, संजय अग्रवाल, शुभम मीणा, अशोक शर्मा, वीरेन्द्र दत्त, महेश यादव, रवि शर्मा मौजूद थे।



## रिजर्व फोर्स ने किया सुभाषचंद बोस को याद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** रिजर्व फोर्स के संयोजक सत्यनारायण सलवाड़िया ने बताया कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जन्म जयंती पर आज स्कूल में उनके चित्र का पूजन कर माल्यार्पण किया गया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण सलवाड़िया, नारायणसिंह यादव, प्रहलाद शर्मा, किशोर गुप्ता, अरुण माहेश्वरी, अशोक देवड़ा, सुन्दरलाल यादव, राजाराम बौरासी, राजेन्द्र सोनी, हरदास खुरय्या, जितेन्द्र रावरिया, एसडी शुक्ला, अजय पावड़े, राजू शर्मा, छाया भट्टाचार्य, सुमति मालसे मौजूद थे।



## एलआर लाइब्रेरी का शुभारभ

**इंदौर।** विद्यार्थियों के लिए रघुवंशी कालोनी में एलआर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। शिक्षा अधिकारी अनिता चौहान, कर्मचारी हरीश बोयत, मनोहर पाल, अशोक मालवीय, प्रवीण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## लोधीपुरा में आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर लोधीपुरा स्थित श्रीराम मंदिर में शृंगार, आरती और प्रसादी का आयोजन किया गया। निलेश नीमा, मधुसूदन भलिका, निखिल व्यास, राजेश शर्मा, हितेश यादव, सुशील नीमा, अनीश नीमा, सुमित व्यास सहित अन्य मौजूद थे।



## रामलला की आरती

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर गुरव समाज ने हरि परमार्थ सेवा के बैनर तले रामलला का आयोजन किया। महेश पांजरे, अर्चना सवनेर, किरण बडवाये, चिन्टू, आकाश सहित अन्य मौजूद थे।



# बस स्टैंड पर बम थ्रेट मॉक ड्रिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

गणतंत्र दिवस को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति.पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या.) आर. के. सिंह व पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) राजेश व्यास के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की बीडीडीएस टीम द्वारा



क़ल सरवटे बस स्टैंड इंदौर में किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई। इस ड्रिल में बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक के निर्देशन में टीम व थाना छोटी ग्वालटोली स्टाफ ने बस स्टैंड के सुरक्षा स्टाफ को भी साथ लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/लावारिस वस्तु मिलने पर किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया।

# डायग्नोस्टिक कॉन्फ्रेंस में भारत से 1600 लोगों ने किया रजिस्ट्रेशन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्वास्थ्य सेवा संगठनों के संघ की प्रमुख डायग्नोस्टिक कॉन्फ्रेंस- काहो डायग्नोस्टिकॉन अहिल्या सभागृह डीएवीवी में कल 24 और 25 जनवरी को किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर का आयोजन देश में स्वास्थ्य जाँच और डायग्नोस्टिक्स की गुणवत्ता, सुरक्षा और नई तकनीकों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा। अपने पाँचवें संस्करण में यह कॉन्फ्रेंस इस बात पर जोर देती है कि आज की हेल्थकेयर व्यवस्था में डायग्नोस्टिक्स की भूमिका कितनी अहम् है, क्योंकि करीब 70 प्रतिशत मेडिकल फैसले जाँच रिपोर्ट पर आधारित होते हैं। बढ़ते रोग मामलों, नई बीमारियों के सामने आने और समय पर सही इलाज की जरूरत को देखते हुए, बेहतर स्वास्थ्य परिणाम और सभी तक समान स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए मजबूत डायग्नोस्टिक सिस्टम बेहद जरूरी हो गया है। मध्य प्रदेश में इस तरह का आयोजन पहली बार होने जा रहा है, जिसमें हेल्थ डायग्नोस्टिक में पेशेंट सेफ्टी पर ज़ोर दिया गया है। काहो एनजीओ इंदौर में पहली बार इस तरह की कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहा है। हॉस्पिटल्स में पेशेंट्स के लिए जो सेफ्टी मेज़र्स अपनाने चाहिए, उसके लिए यह एनजीओ प्रशिक्षण प्रदान करता है, वह भी पूरी तरह निःशुल्क, ताकि मरीज़ों के लिए सुरक्षित देखभाल बनी रहे। काहो यह आश्वासन देता है कि हर अस्पताल में डायग्नोस्टिक पेशेंट सेफ्टी की ट्रेनिंग निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इस आयोजन के लिए सम्पूर्ण भारत से 1600 रजिस्ट्रेशन हुए है। डॉ. विनीता कोठारी, डॉ. डी पी लोकवानी, डॉ. अपर्णा जयराम ने मीडिया को कार्यक्रम की जानकारी भी दी।

# फल खाकर बीज फेंकने के बजाय उन्हें लगाएं-शर्मा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के तत्वावधान में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम अंतर्गत सेक्टर स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन ग्राम मोराद हाट स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में किया गया। संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरण्या कुंड प्रस्फुटन समिति के सचिव सुंदर लाल शर्मा ने कहा कि हम रोजमर्रा के जीवन में फल खाकर उनके बीज यूं ही फेंक देते हैं, जबकि यदि इन्हें एकत्र कर जमीन में लगाया जाए तो पर्यावरण में बड़ा और सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारी जिम्मेदारी केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी आवश्यक है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। पर्यावरण संरक्षण में विद्यार्थियों की भागीदारी पर बल संगोष्ठी में विद्यार्थियों को बीज-संरक्षण, पौधारोपण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि छात्र-छात्राएं इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं तो गांवों में हरित आवरण तेजी से बढ़ सकता है। इस अवसर पर मेंटर सुनील सराठे, अशोक मंडलोई, ईश्वर दागी, अर्चना यादव, नंदनी पाटिल, महेश दास,संदीप पटेल, मनोज जागीरदार एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# बीआरटीएस टूटा लेकिन सिग्नल का टाइमिंग पुराना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बीआरटीएस कॉरिडोर का एक छोर पूरी तरह हटाया जा चुका है। 11 किलोमीटर की सड़क पर आईबस के लिए जो स्पेशल कॉरिडोर पर बना हुआ उसके टूटने के बाद बसें अब मिक्स लेन में चल रही है। हर दिन शाम के समय बीआरटीएस सड़क के चौराहों पर वाहनों की लम्बी कतारें सिग्नल पर दिखाई देते है। वाहन एक से दो बार में गुजर पाते है। वाहन चालकों का कहना है कि बीआरटीएस का स्पेशल कॉरिडोर खत्म हो गया है, लेकिन सिग्नलों की टाइमिंग सेटिंग पुरानी वाली है, जिसके कारण लोगों को अधिक समय तक सिग्नल पर खड़े रहना पड़ता है। यातायात विभागों द्वारा यह सेटिंग बदली जानी चाहिए।

पूर्व पार्षद संजय कटारिया ने बताया कि बीआरटीएस कॉरिडोर हटने के बाद सिग्नलों की टाइमिंग भी बदली जानी चाहिए। सभी चौराहों के सिग्नल की टाईमिंग पुरानी है, जिसके कारण चौराहों पर अधिक समय तक वाहनों को खड़ा रहना पड़ता है। जिससे जाम की स्थिति बनती है। यदि सिग्नल की टाइमिंग बदली जाती है, तो लोगों का समय, ईंधन और पैसा बचेगा। नगर निगम द्वारा बस नए स्टॉप और सेंट्रल डिवाईडर निर्माण में अभी समय लगेगा, लेकिन सिग्नल की टाइमिंग यातयात विभाग द्वारा ठीक की जा कसती है।

**आईबस के गुजरने वाले 20 सेंकड के सिग्नल को बदलने की जरूरत**

पूर्व पार्षद कटारिया ने बताया कि बीआरटीएस पर कॉरिडोर पर आईबस के गुजरने के लिए 20 सेंकड की टाइमिंग वाला सिग्नल चौराहे पर था। इस तरह लगभग दो मिनट तक के टाइमिंग वाले सिग्नल चौराहे अब भी कायम है, जबकि आईबस मिक्स लेन में चल रही है। नगर निगम और यातायात विभाग को इस पर विषय पर पहल करना चाहिए। इस मामले में अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे ने बताया कि यातायात संबंधी बैठक में इस विषय को रखा जाएगा। बीआरटीएस पर कॉरिडोर पर एक साईड की रैलिंग निकाली गई, जिससे यातायात सरल हुआ है। सिग्नल की टाइमिंग संबंधी समस्या अभी तक ध्यान में नहीं आई है। उक्त विषय पर विचार करेंगे। हर रोज विजयनगर में महाजाम लगने का कारण सिग्नल की गलत टाइमिंग है। लोग अधिक समय तक सिग्नल के ग्रीन होने का इंतजार नहीं कर सकते क्योंकि अब आईबस भी साथ चल रही, वाहन चालक सिग्नल तोड़ते है और वाहन आपस एक-दूसरे के आमने-सामने पहुँच जाते है।

**-संजय कटारिया, पूर्व पार्षद**

बीआरटीएस नई प्लानिंग की जा रही है, लेकिन पुराना सिग्नल टाईमिंग जिसकी आवश्यकता नहीं है, उसको खत्म किया जाना चाहिए।

**-अतुल सेठ, स्ट्रक्चल इंजीनियर**

# आज का युवा, समयाभाव और ऑनलाइन शॉपिंग: सुविधा बनाम सामाजिक जिम्मेदारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज का युवा तेज़ रफ्तार जीवन जी रहा है। पढ़ाई, करियर, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल दुनिया के बीच उसके पास सबसे कम है समय। यही समयाभाव ऑनलाइन शॉपिंग को आकर्षक बनाता है। एक क्लिक, कुछ मिनट और सामान घर के दरवाज़े पर। सुविधा है, विकल्प हैं, छूट है इसलिए युवा ऑनलाइन शॉपिंग की ओर खिंचता चला जाता है। लेकिन इस सुविधा के पीछे एक बड़ा सवाल खड़ा है क्या हम अपने आसपास के समाज, बाजार और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूलते जा रहे हैं? ऑफलाइन शॉपिंग, यानी आपके नजदीक का दुकानदार, सिर्फ व्यापारी नहीं होता वह आपके मोहल्ले की सामाजिक संरचना का हिस्सा होता है। तीज-त्योहार पर वही दुकानदार अपने खर्चे से गली में रोशनी लगवाता है, धार्मिक आयोजनों में सहयोग करता है, और संकट के समय चाहे महामारी हो, प्राकृतिक आपदा हो या किसी परिवार की व्यक्तिगत मुश्किल वही स्थानीय दुकानदार सबसे पहले सहारा बनकर खड़ा होता है। इसके विपरीत, मल्टीनेशनल ऑनलाइन कंपनियां शहरों और मोहल्लों के विकास में न तो भागीदार हैं और न ही उनकी कोई स्थानीय जवाबदेही तय है। न त्योहारों में सहभागिता, न सामाजिक संकट में साथ। उनका रिश्ता सिर्फ 'डिलीवरी' तक सीमित है न उससे आगे, न उससे गहरा। फिर भी सवाल उठता है ऑनलाइन शॉपिंग क्यों? क्योंकि युवा सुविधा चाहता है, समय बचाना चाहता है और उसे यह अहसास नहीं कराया गया कि उसका हर उपभोक्ता निर्णय एक मतदान की तरह है, जिससे वह तय करता है कि किस तरह की अर्थव्यवस्था और किस तरह का समाज मजबूत होगा। आज जब हम स्थानीय दुकानदार से मोलभाव करते हैं, तो हम अनजाने में उस तंत्र को कमजोर कर रहे होते हैं जो हमारे ही क्षेत्र में रोज़गार पैदा करता है। जबकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर दिया गया हर ऑर्डर, मुनाफे को शहर से बाहर कई बार देश के बाहर ले जाता है। यह कहना गलत होगा कि ऑनलाइन शॉपिंग पूरी तरह गलत है। तकनीक से मुंह मोड़ना समाधान नहीं। लेकिन संतुलन ज़रूरी है। जहां समय की सख्त कमी हो, वहां ऑनलाइन विकल्प स्वीकार्य है। लेकिन जहां संभव हो, वहां स्थानीय बाजार से खरीदारी—यह सिर्फ खरीद नहीं, बल्कि सामाजिक निवेश है। आज युवाओं के समक्ष सबसे बड़ा सवाल यही है । क्या हम केवल उपभोक्ता बनकर रहेंगे, या जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे? स्थानीय दुकानदार से खरीदी गई हर वस्तु, आपके क्षेत्र के विकास में एक ईंट जोड़ती है। यह राष्ट्र निर्माण की छोटी लेकिन मजबूत कड़ी है। युवा अगर इस सोच के साथ खरीदारी करेगा कि 'मेरा पैसा मेरे समाज में ही काम आए', तो यही युवा राष्ट्र को आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से सशक्त और मानवीय बना सकता है। समयाभाव की मजबूरी को समझते हुए भी, आज जरूरत है कि युवा सुविधा के साथ-साथ दृष्टि भी अपनाए क्योंकि मजबूत राष्ट्र की नींव सिर्फ बड़ी कंपनियों से नहीं, मजबूत स्थानीय बाजार और जिम्मेदार युवा सोच से रखी जाती है।

**-अक्षय जैन, ज्वाइंट सेक्रेटरी अहिल्या चेम्बर्स ऑफ** कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज'

## संपादकीय

# दुश्मन नहीं, रास्ता बना जवानों का काल? जम्मू-कश्मीर के डोडा हादसे ने उठाए गंभीर सवाल

सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए। जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है। उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है। अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है। ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है। ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम के लिए इलाके में तैनात जवानों को खराब मौसम और परिस्थिति के मुताबिक बेहतर प्रशिक्षण तथा वाहनों के रखरखाव के पहलू पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सड़कों के बुनियादी ढांचे पर ठोस काम हो और उसे पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इंतजाम किए जाएं, ताकि देश की सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हादसों में जान गंवाने की नौबत न आए।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 159700 | 158300 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 329000 | 336000 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू



## धार में माँ सरस्वती के भक्तों की भारी भीड़

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** धार भोजशाला में आज माँ सरस्वती की आराधना सुबह से हो रही है। सुबह से श्रद्धालुओं का कतारबद्ध होकर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने का क्रम जारी है। माँ वाग्देवी दर्शन के अलावा परिसर में हो रहे हवन-पूजन में भी शिरकत की जा रही है। पुलिस ने व्यापक इंतजाम व्यवस्था के किए हैं।

# राहगीर से मारपीट और लूट की कोशिश

## एक्टिवा सवार बदमाश ने चाबी मारकर युवक का सिर फोड़ा, पुलिस ने दबोचा

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में गीता नगर नाले के पास एक बदमाश ने सरेराह एक युवक को रोककर मारपीट की और उसे घायल कर दिया। बदमाश ने युवक से जबरन मोबाइल और तलाशी देने की मांग की थी। हालांकि, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी अभिषेक पिता गोपाल सोनी (21) जो मूल रूप से नागदा जंक्शन उज्जैन के रहने वाले हैं और वर्तमान में चिकित्सक नगर इंदौर में रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी जब गीता नगर नाले के पास एसबीआई एटीएम के पास से गुजर रहे थे, तभी एक्टिवा सवार एक युवक ने उनका रास्ता रोका।आरोपी रोहन पिता अजय कुमार घावरे निवासी चिटनीस का पूर्वा ने अभिषेक को रोककर धमकाया और कहा कि 'अपना फोन और जेब चेक करा।' जब अभिषेक ने अपनी तलाशी देने और फोन दिखाने से मना किया, तो आरोपी गाली-गलौज पर उतारू हो गया। विरोध करने पर रोहन ने अभिषेक के साथ मारपीट शुरू कर दी और अपने हाथ में ली हुई गाड़ी की चाबी अभिषेक के सिर पर दे मारी। हमले में अभिषेक के सिर के दाहिनी तरफ गहरी चोट आई और खून निकलने लगा।घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पलासिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी रोहन घावरे को हिरासत में ले लिया है।

# कई पाकिस्तानी क्रिकेटर्स को करोड़ों रुपये का चूना लगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के स्टार क्रिकेट बाबर आजम , मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी को करोड़ों रुपये का चूना लगता दिख रहा है। यह पोंजी स्कीम की वजह से हो रहा है। इसमें पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ियों ने बड़ी राशि निवेश की थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस मामले की जानकारी मिल गई है और उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार करीब एक दर्जन खिलाड़ी धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। इसमें टीम के सलामी बल्लेबाज फखर जमां के साथ ही लेग स्पिनर शाबाद खान शामिल हैं। उन्होंने एक पाकिस्तानी बिजनेसमैन के साथ बड़ी रकम लगाई थी, जो अब देश छोड़कर भाग गया है। यह बिजनेसमैन खिलाड़ियों के बीच काफी जाना-पहचाना था और उसने पीएसएल की फ्रेंचाइजी को स्पॉन्सर भी किया था। शुरुआत में उसने खिलाड़ियों को कुछ महीनों तक मुनाफे के तौर पर पैसे दिए, लेकिन फिर उसने पैसे देने बंद कर दिए। जब खिलाड़ियों ने उससे संपर्क किया तो बिजनेसमैन ने दावा किया कि उसे भारी नुकसान हुआ है। इसकी वजह से खिलाड़ियों के साथ-साथ उसका अपना पैसा भी डूब गया है। उसने कहा कि वह पैसे वापस नहीं कर सकता। इसके बाद उसने फोन बंद कर दिया। वह मैसेज का जवाब भी नहीं दे रहा है और पाकिस्तान छोड़कर भाग चुका है।

# फैमिली कोर्ट परिसर में हंगामा, महिला पर शासकीय कार्य में बाधा का केस

**इंदौर। कुटुंब न्यायालय परिसर में पदस्थ एक कर्मचारी के साथ अभद्रता, मारपीट और शासकीय दस्तावेज फाड़ने का मामला सामने आया है। संयोगितागंज पुलिस ने महिला के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक फरियादी राकेश कुमार गुप्ता (48) निवासी आनंद वैली, चितावद रोड, फैमिली कोर्ट में नायब नाजर के पद पर पदस्थ हैं। कल दोपहर करीब 3 से 3:30 बजे के बीच वे अपनी सीट पर बैठकर कार्यालयीन कार्य कर रहे थे, तभी श्रद्धा सिंह पवार उनके टेबल के पास पहुंची और अपने भुगतान से संबंधित वाउचर के बारे में पूछताछ करने लगी। फरियादी के अनुसार उन्हें बताया गया कि संबंधित बिल पहले रिजेक्ट हो गया था, जिसे पुनः जनरेट कर कोषालय भेज दिया गया है और 2 से 3 दिन में राशि खाते में आ जाएगी। इस बात पर महिला अचानक तैश में आ गई और टेबल पर रखी शासकीय नोटशीट व अन्य दस्तावेज फाड़ दिए। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए अपने जूते से फरियादी के सिर पर हमला किया, जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। संयोगितागंज पुलिस ने महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चार स्थानों पर चोरों ने बोला धावा

**इंदौर।** शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी और मारपीट की अलग-अलग चार घटनाएं सामने आई हैं। सभी मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना एरोड्रम क्षेत्र के केदार नगर निवासी महेश मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देर रात करीब 2 से 4 बजे के बीच वह घर से बाहर गए थे। वापस लौटने पर देखा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी का कीमती सामान चोरी कर लिया। इसी तरह संयोगितागंज क्षेत्र में श्रद्धानंद मार्ग स्थित देवधर कॉम्पलेक्स में गुमटी संचालक कुंज बिहारी कौशल ने शिकायत की कि 8 जनवरी की रात गुमटी बंद कर घर गए थे। 9 जनवरी की सुबह लौटने पर गुमटी से सिगरेट, पान मसाला, चॉकलेट, बिस्किट सहित करीब 8 हजार रुपए का सामान और नकदी चोरी मिली। इसी तरह क्षिप्रा क्षेत्र अंतर्गत लसुडिया परमार स्थित एक वेयरहाउस से चोरी का मामला सामने आया है। फरियादी राकेश ठाकुर ने बताया कि पिछले दिनों रात अज्ञात बदमाश गोदाम से गैस चूल्हे, रूम हीटर, पानी के पंप, पंखे, सोलर इन्वर्टर सहित अन्य घरेलू इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# पेट्रोल पम्प संचालकों को देना होगी उपभोक्ताओं को जरूरी सेवाएं

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने आपूर्ति नियंत्रण से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पम्प पर संचालकों को निर्देशित किया जाए कि नियम अनुसार पम्प पर उपभोक्ताओं को जो सुविधाएं मिलना चाहिए वह मिल रही है या नहीं इसके लिए सभी अधिकारी पम्प का निरीक्षण कर जानकारी देवे। स्वच्छ आरओ का पानी, हवा की मशीन चालू है या नहीं, पम्प पर गंदगी तो नहीं है। पेट्रोल पम्प हमेशा खुले रहे, महिला-पुरुष को शोचालय अलग-अलग हो, शिकायत पेटी लगी है या नहीं, पेट्रोल पम्प पर एथोनॉल की मात्रा की कितनी मिलाई जा रही है, इसकी डिस्प्ले लगा है या नहीं।



# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियां जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को मुख्य आयोजन नेहरू स्टेडियम में सुबह 9 बजे से होगा। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करेंगे। यह समारोह सुबह 9 बजे से नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में परेड सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों के दल के साथ नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिये। समारोह में विभिन्न प्लाटूनों द्वारा

## उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इंदौर में करेंगे ध्वजारोहण

परेड भी प्रस्तुत की जायेगी। राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित 13 से अधिक नयनाभिराम झाँकियां भी विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेंगी। समारोह स्थल पर आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। स्वतंत्रता सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे। समारोह में विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। इसी तरह इंदौर संभाग के बुरहानपुर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, खरगोन में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, बड़वानी में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल तथा खंडवा में संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ध्वजारोहण करेंगे। संभाग के धार, झाबुआ तथा आलीराजपुर जिले के मुख्य समारोह में संबंधित जिला कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गये हैं।

## पारिया सदस्य मनोनीत



**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा किसान मोर्चा बड़वाह मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वरलाल पारिया को खरगोन भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दा ब्रह्मणे ने जिला कार्य समिति सदस्य. मनोनीत किया। विधायकर राजकुमार मेव, सचिन बिरला, सदाशिव पारिया, गेंदलाल जाधव, कलसिंह कनासे, अशोक जाट ने बधाई दी।

## सौर ऊर्जा से बिजली ज्यादा बनी तो बिल मायनस हो गए



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की एनजीबी प्रणाली से मालवा निमाड़ के अलावा अन्य विद्युत कंपनी की बिलिंग प्रक्रिया में सुधार और पारदर्शिता निर्मित हुई है। इससे उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी की स्थिति निर्मित हुई है। इंदौर शहर के बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता भी हैं जिन्होंने सोलर लगाया, साथ ही खपत संतुलित की। इससे उनकी छतों से उत्पादित बिजली , औसत खपत से ज्यादा होने से यूनिट बिजली कंपनी के पास जमा होते गई। उन्हें शासकीय दर से इकट्ठा भुगतान किया गया, कई माह से बिजली बिल माइनस में आ रहे है।

## यातायात पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यातायात पुलिस लगातार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत जागरुकता एवं रैली का आयोजन कर रही है। हेलमेट बाइक रैली का आयोजन कल किया गया। रैली का नेतृत्व अधिकारी आनंद कलादगी ने किया। यह रैली पलासिया से गीताभवन, मधुमिलन, रीगल सर्कल होते हुए राजवाड़ा से पुनः पलासिया सेल्फी पॉइंट पर पहुँची। तख्तियों के माध्यम से यातायात संदेश भी दिए। रैली में अधिकारी नरेश अन्नोटिया के अलावा सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी यातायात एवं निरीक्षक गण सहित इन्दौर पुलिस, यातायात प्रबंधन पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी के साथ-साथ ट्रैफिक प्रहरी, बाईकर्स, जिम्मेदार नागरिक सम्मिलित हुए।



# आज शाम रायपुर में टी-20 का बुखार चढ़ेगा, सीरीज में बढ़त लेने उतरेगी टीम इंडिया

**रायपुर ।** इन दिनों भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज की धूम है। 5 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 जनवरी यानी आज रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए टॉस शाम 6:30 बजे होगा, जबकि लाइव एक्शन 7 बजे से शुरू होगा। भारत ने पहले मैच में 48 रनों से जीत दर्ज कर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पहले मुकाबले में जीत के हीरो अभिषेक शर्मा थे, जिन्होंने 35 गेंदों पर 8 छक्के और 5 चौकों की मदद से 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। उस मैच में भारत ने 238 रन बनाए थे और न्यूजीलैंड भी 190 तक पहुंच गई थी। मतलब साफ है कि नागपुर में रनों की बारिश हुई थी। अब सवाल ये है कि क्या रायपुर में भी रनों की सुनामी आएगी या फिर गेंदबाजों का जलवा देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं पिच रिपोर्ट क्या कह रही है।

### रायपुर में कैसा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड

रायपुर स्टेडियम में टीम इंडिया ने सिर्फ एक ही टी20 मैच खेला है, जो 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था। उस मुकाबले में भारत ने 174 रन बनाए थे और कंगारू टीम को 154 रनों पर रोककर जीत हासिल की थी। उस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने 7 जबकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने 5 छक्के लगाए थे।यह वही मैदान है, जहां दिसंबर 2025 में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे मैच खेला गया था, जिसमें भारत ने 358 रन बनाए थे और साउथ अफ्रीका ने इतना बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया था।

### रायपुर की पिच रिपोर्ट कैसी है

रायपुर के मैदान शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम पर ज्यादा इंटरनेशनल मैच नहीं खेले गए हैं। इस मैदान का इतिहास बताता है कि यहां रनों की बारिश होती है। पिच सपाट रहती है, जिससे चौके-छक्के लगते हैं। गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिलती और विकेट निकालने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इसके लिए गेंदबाजों को वेरिएशन ट्राई करने होंगे।

जो भी टीम टॉस जीतेगी, वह पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी, क्योंकि दूसरी पारी में ओस आने की पूरी संभावना है, जिससे रन बनाना और आसान हो जाता है। कुल मिलाकर गेंदबाजों की हालत खराब हो सकती है और इस मैदान पर एक बड़ा स्कोर देखने को मिल सकता है।

## श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को दी मात

**नई दिल्ली ।** कोलंबो के आर प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला कल खेला गया। इस मैच में श्रीलंका ने इंग्लैंड को 19 रन से हरा दिया। बता दें कि इंग्लैंड की टीम श्रीलंका का दौरा कर रही है। पहले वनडे में मेजबानों ने अंग्रेजों को धूल चटा दी। आइये जानते हैं मैच में क्या-क्या हुआ।

श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने टॉस जीतकर इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 271 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने नाबाद 93 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके लगाए थे। इसके अलावा जनिथ लियानागे ने 46 रन बनाए। कामिल मिशारा ने 27 रन बनाए। डुनिथ वेलालागे ने 12 बॉल में नाबाद 25 रन बनाए। अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। 1-1 विकेट सैम करन और रेहान अहमद ने भी लिए।

272 रन के टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 49.2 ओवर में ऑल आउट हो गई और 19 रन से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड के लिए अंत में जेमी ओवर्टन ने मैच का पासा



पलटने की कोशिश की थी। लेकिन, प्रमोद मदुशन ने उनको 50वें ओवर में आउट कर इंग्लैंड की टीम को ऑल आउट कर दिया। ओवर्टन ने 17 गेंद में 34 रन बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

ओपनर बेन डकेट ने सर्वाधिक 62 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 1 छक्का भी लगाया था। इसके अलावा जो रूट ने भी 5 चौके के चलते 61 रन बनाए थे। इसके अलावा इंग्लैंड का बैटिंग यूनिट पूरी तरह से फेल हो गया। जैक क्राउली और हैरी ब्रूक 6-6 रन बनाकर आउट हुए। जोस बटलर 19 तो जैकब बेथेल 15 रन बनाकर आउट हुए। सैम करन 5 तो रेहान अहमद 27 रन बनाकर आउट हुए।

प्रमोद मधुशन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। 2-2 विकेट डुनिथ वेलालागे और जैफरी वानडरसे ने लिए। 1-1 विकेट असिथा फर्नानंडो, धनंज्य डी सिल्वा और चरिथ असलंका ने लिए।

## रिधान राठौर के दोहरे प्रदर्शन से आरबीसीएफ की शानदार जीत

**इन्दौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आरबीसीएफ एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 27 ओवरो में सभी विकेट खोकर 169 रन बनाये। प्रियांश सिंह ने 51 रन बनाये । रिधान राठौर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये। जवाबी पारी खेलते हुए आरबीसीएफ की टीम ने 27 ओवरो में 4 विकेट खोकर 170 रन बना लिये और यह मैच 6 विकेट से जीत लिया।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **लक्ष्मी पाल पति स्व. बाबूलाल पाल** पता 169/9 नया 208 कन्नू पटेल की चाल इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001035552 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री एहसान अली पिता स्व. श्री हातिम अली मुरब्बी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.1001245676 पता 81 सैफ़ी नगर इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. श्री विजय जैन पिता श्री नेमीचंद जैन 2. श्रीमती रुबी जैन पति श्री विजय जैन** वार्ड नं. 79 पता 24-25 सांईसागर अपार्टमेंट 104 सिल्वर आक्स कालोनी इन्दौर द्वारा झोन क्र 21 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001194031 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.21 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं.21**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## वार्षिक अधिवेशन लोनावला में कल से

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन (बिटोआ) का वार्षिक अधिवेशन लोनावला (महाराष्ट्र) में 24 से 26 जनवरी तक होगा। बिटोआ उपाध्यक्ष धर्मेश यशलहा और सचिव पुणे के उदय साने ने बताया कि बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन में वार्षिक साधारण सभा, परिसंवाद, बैडमिंटन के परिवर्तित नियमों की जानकारी, कार्यशाला, युगल बैडमिंटन स्पर्धा आदि आयोजन लोनावला के नवनिर्मित बी जे के स्पोर्ट्स सेंटर पर होंगे।

## वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 टेनिस चैंपियनशिप

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित व यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 ग्रेड-4 टेनिस चैंपियनशिप में मुख्य दौर के मुकाबले सोमवार 26 जनवरी से प्रारंभ होंगे। इस प्रतिष्ठित टेनिस चैंपियनशिप में भारत सहित कई देशों के जूनियर खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। क्वालीवाइंग राउंड के मुकाबले 24 व 25 जनवरी को खेले जाएंगे। भारतीय टेनिस महासंघ व मध्यप्रदेश टेनिस के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि इस इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत सहित पांच देशों के जूनियर बालक व बालिका भाग ले रहे है। जिसमें यूएसए, कनाड़ा, डेनमार्क व ग्रेट ब्रिटेन के साथ भारतीय जूनियर खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। साथ ही प्रदेश के भी कई खिलाड़ी अपना दमखम दुनियाभर से आए खिलाड़ियों के सामने प्रस्तुत करेंगे। स्पर्धा के मुख्य रैफरी महाराष्ट्र के एंटोन डिसूजा होंगे।

## स्कूल में मार्शल आर्ट शिविर



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में एवं श्रेयस लिटिल चैंप्स अकादमी के ईच वन टीच वन मोमेंट के सानिध्य में कोदरिया स्थित स्कूल में 5 दिवसीय मार्शल आर्ट्स शिविर में बच्चों को प्राचार्य कादंबरी तांबे के सहयोग से फेंसिंग, कोशिकी मार्शल आर्ट और कराते जैसे खेल के तकनीकी गुर राष्ट्रीय अवॉर्डी राधिका पंचोले के निर्देशन में सिखाए जा रहे है। खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है। सोनाली राजपूत, तनिष्का निनामा, तनीषा गोठवाल, दीपिका वैष्णवी अखंड, रेखविका स्वारे, देवीशी पटेल, प्रतीक मालवी, प्रथम कामले, आदित्य पटेल, प्रतीक आतदिया शामिल है। ये खिलाड़ी आगामी एलेट विंटर कैंप गोवा में भाग लेंगे।

## फेंसिंग की संभागीय चयन ट्रायल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खेलो एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। जिसमें इंदौर संभाग की टीम भी भाग लेगी। इंदौर संभाग टीम का चयन ट्रायल 25 जनवरी को प्रातः 10 बजे श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल, तिलक नगर, ओल्ड पलासिया, इंदौर में किया जाएगा। राशिद खान, अंश पाल ने उक्त जानकारी दी।

# लकी स्पोर्ट्स केयर, विक्रम स्पोर्ट्स क्लब व गुरुरामचंद्र पांडे क्लब जीते

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



मालवा कला अकादमी द्वारा पालदा में जिला स्तरीय इनामी कबड्डी स्पर्धा में पहली बार हो रही कबड्डी स्पर्धा में देर रात तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे है। मैट पर खिलाड़ियों की चपलता और कलाबाजी देख हर कोई रोमांचित हो रहा है। दूसरे दिन हुए मुकाबलों में लकी स्पोर्ट्स केयर, विक्रम स्पोर्ट्स क्लब व गुरु रामचंद्र पांडे क्लब ने जीत दर्ज की।

तीन इमली चौराहे पर बनाए गए अस्थायी स्टेडियम में दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल देखने को मिल रहा है। दूसरे दिन हुए पुरुष वर्ग के मुकाबलों में लकी स्पोर्ट्स केयर ने रोमांचक मुकाबले में बिजलपुर ए को 33-23 अंकों से मात दी। हाफ टाइम तक दोनों टीमें काफी नजदीक थी, लेकिन दूसरे हॉफ में लकी स्पोर्ट्स केयर के खिलाड़ियों ने उम्दा खेल दिखाते हुए स्कोर में बढ़त लेते हुए जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के ही दूसरे मुकाबले में बिजलपुर बी की टीम ने धमाकेदार अंदाज में खेलते हुए अभिनव नगर की टीम को आसानी से 27-5 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में विक्रम स्पोर्ट्स क्लब बी ने भगत सिंग क्लब दूधिया को 33-14 से मात दी। शहर व प्रदेश की सशक्त टीम विक्रम स्पोर्ट्स ने अपने चिरपरिचित अंदाज में खेलते हुए दूधिया की टीम को कहीं टिकने नहीं दिया। पुरुष वर्ग के ही चौथे मुकाबले में विक्रम स्पोर्ट्स क्लब ए ने एचकेसी हरसोला को 28-10 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

कृत्रिम रोशनी में खेली जा रही इस स्पर्धा में महिला वर्ग के मुकाबलों में भी जोरदार अंदाज में खेले जा रहे है। महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए हजारों की तादाद में दर्शन जुट रहे है। महिला वर्ग के मुकाबलों में संस्था वैष्णवी ने रोमांचक मुकाबले में लकी वाण्डरर्स ने 21-18 से हराया। दोनों टीमों के बीच जोरदार कशमकश देखने को मिली, लेकिन अंतिम समय में संस्था वैष्णवी की टीम ने जीत हासिल की। दूसरे मुकाबले में लक्की वाण्डरर्स ने टाइगर क्लब को 25-13 से मात दी। वहीं एक अन्य मुकाबले में गुरु रामचंद्र पांडे क्लब ने इंदौर वाण्डरर्स को 14-4 से हराया। स्पर्धा का संचालन मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा व मुकेश करवरिया कर रहे है।

# अदार पूनावाला खरीदेंगे आरसीबी की फ्रेंचाइजी?

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। लीग की शुरुआत 2008 में हुई थी और 17 साल बाद जाकर फ्रेंचाइजी के हिस्सा में पहली ट्रॉफी आई। आईपीएल खिताब जीतने के कुछ समय बाद ही खबर आई कि आरसीबी की फ्रेंचाइजी बिकने वाली है। फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक शराब बनाने वाले कंपनी डियाजियो के पास है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डियाजियो इसी साल 31 मार्च तक फ्रेंचाइजी को बेचना चाहता है। वहीं अब सीरम इंस्टिट्यूट के सीईओ अदार पूनावाला ने फ्रेंचाइजी को खरीदने को लेकर बड़ा ट्वीट किया है।

### अदार पूनावाला ने अपने ट्वीट में क्या लिखा?

अदार पूनावा ने अपने ट्वीट में आरसीबी को खरीदने को लेकर लिखा, अगले कुछ महीनों में, मैं स्ट्रॉन्ग और कॉम्पिटिटिव बिड आरसीबी के लिए लगाने वाला हूं। आईपीएल में सबसे बेहतरीन टीमों में से एक है। भले ही आरसीबी ने अब तक सिर्फ एक बार आईपीएल जीता है। लेकिन, उनका फैन बेस बहुत जबरदस्त है। वे मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी पांच-पांच बार आईपीएल जीतने वाली फ्रेंचाइजियों को फैन बेस के मामले में टक्कर देते हैं।

### विराट कोहली हैं आरसीबी का सबसे बड़ा चेहरा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2008 में ही विराट कोहली को अपने साथ जोड़ लिया था। उसके बाद जैसे-जैसे विराट का कद क्रिकेट जगत में बढ़ा, वैसे-वैसे आरसीबी की भी फैन फॉलोविंग विराट के चलते बढ़ती गई। विराट कोहली आरसीबी का चेहरा हैं। उन्होंने लंबे समय तक आरसीबी की कप्तानी भी की है। हालांकि, अपनी कप्तानी में बेंगलुरु को खिताब नहीं जिता पाए। लेकिन, जब पिछले सीजन फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को हराया था तो विराट कोहली की आंखें नम हो गई थीं।

## राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में अरहम को स्वर्ण

**इंदौर ।** एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अरहम जायसवाल ने देवास में संपन्न राष्ट्रीय स्तर की कराते स्पर्धा में पदकीय सफलता हासिल कर शहर का मान बढ़ाया। देवास के तुकोजीराव पवार स्टेडियम में कराते इंडिया एवं मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में पांचवीं भारत रत्न राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अरहम जायसवाल ने अंडर-10 बालक वर्ग में 40 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरहम जायसवाल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश कराते संघ द्वारा साइकिल प्रदान की गई। अरहम की इस सफलता पर स्कूल के संचालक मुक्तेश सिंह, निदेशक सिद्धार्थ सिंह, प्राचार्य निशा अहमद, स्कूल खेल अधिकारी संजय मिश्रा एवं प्रशिक्षक अंजली सिंह बघेल ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।




## हैट्रिक हार के बाद गुजरात जायंट्स को मिली जीत, यूपी वॉरियर्स के लिए मुश्किल हुई प्लेऑफ की राह

**वडोदरा । विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात जायंट्स के हाथ का सिलसिला थम गया है। पहले दो मैचों में जीत के बाद गुजरात को लगातार 3 हार मिली थी। अब सीजन के 14वें मुकाबले में गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत हासिल की। बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर गुजरात को 45 रनों से जीत मिली। इस जीत से टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। 6 मैचों में उसके 6 पॉइंट हो गए हैं। पहले खेलते हुए गुजरात ने 8 विकेट पर 153 रन बनाए। यूपी की पारी 108 रनों पर सिमट गई।**

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एसडीपीएस ओवरऑल चैंपियन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप द एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुई। जिसमें एसडीपीएस स्कूल ने 100 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, 62 अंकों के साथ पिंक फ्लावर द्वितीय स्थान व 44 अंकों के साथ सेंट विंसेंट पलोटी तृतीय स्थान पर रहा, वहीं 36 अंकों के साथ द एमराल्ड हाइट इंटरनेशनल स्कूल चौथे स्थान पर, वह 34 अंकों के साथ सेंट अर्नाल्ड पांचवें स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के समापन समारोह पर स्कूल प्रेसिडेंट मुक्तेश्वर सिंह ,प्राचार्य निशा अहमद , व खेल अधिकारी संजय मिश्रा एवं एसोसिएशन के सचिव विकास सिमरैया उपस्थित रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत वह सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी । प्रतियोगिता का संचालन इतिशा जीनवाल ने किया, वहीं आभार आशीष भाटी व अंशु शर्मा ने माना।

## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप कल

**इंदौर।** मध्य प्रदेश फुल पावरलिफ्टिंग, बेंचप्रेस एवं डेडलिफ्ट चैंपियनशिप 24 जनवरी शनिवार, को इंदौर के नेहरू स्टेडियम जिम के द्वारा आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में बायज एवं गर्ल्स के टिनएज ग्रुप 15 वर्ष तक, सबजूनियर 18 वर्ष तक जूनियर 19 से 23 तक, 23 से 40 तक सीनियर, मास्टर्स आई 40इ, एवं मास्टर्स-2 50इ हेन्डिकेप ग्रुप की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा । इस प्रतियोगिता के वजन इस प्रकार के रहेंगे । बॉडी वेट नेहरू स्टेडियम, इंदौर, एमपी में आज शाम 5.30 से 8.30 बजे तक रहेगा। स्ट्रांगमैन सबजूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर 1, एवं मास्टर 2 एंड स्ट्रॉन्गवोमन जूनियर एवं सीनियर विल्क्स फार्मूला से प्रत्यक केटेगरी से चुने जायेंगे । इच्छुक खिलाड़ी इन अधिकारी से संपर्क करें मोहन सिंह राठौर, रितेश वीरांग, कैलाश सुरागे ।

# मैट्रिमोनी साइट के जरिए लाखों की ठगी

## जयपुर के जालसाज ने शादी का झांसा देकर युवती से ऐंठे रुपए, अब दे रहा जान से मारने की धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र में वैवाहिक वेबसाइट के माध्यम से धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जयपुर के एक शातिर जालसाज ने इंदौर की युवती को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए लाखों रुपए हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, श्रीराम कृष्ण बाग कॉलोनी की रहने वाली युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी नितेश कुमार उर्फ राहुल धीया निवासी जयपुर, राजस्थान ने मैट्रिमोनी साइट से उसका मोबाइल नंबर निकाला था। आरोपी ने खुद को एक योग्य वर के रूप में पेश किया और युवती को शादी का झांसा देकर उसका विश्वास जीत लिया।एक बार भरोसा कायम होने के बाद, आरोपी ने विभिन्न बहाने बनाकर युवती से ऑनलाइन माध्यम से लाखों रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया या रुपयों का हिसाब मांगा, तो आरोपी अपने असली रूप में आ गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अब फोन पर उसके साथ अश्लील गाली-गलौज करता है और रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# टैक्सी चालक ने ही लगाया चूना

## बैग में रखे 1.07 लाख रुपये और मोबाइल लेकर फरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में विश्वासघात और चोरी का एक मामला सामने आया है, जहाँ एक परिचित टैक्सी चालक अपने ही सवारी के बैग से नकदी और मोबाइल पार कर चंपत हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी जगन पिता झेतरीया देवडे, निवासी ग्राम बोरखेड़ा जिला बुरहानपुर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जगन ने बताया कि 21 जनवरी की दोपहर करीब 3 बजे वे अपने पूर्व परिचित टैक्सी चालक शुभम इंगले की गाड़ी से जा रहे थे। जब गाड़ी देव श्री टॉकिज के पास पहुंची, तो जगन लघुशंका करने के लिए टैक्सी से नीचे उतरे।जगन का बैग टैक्सी के अंदर ही रखा था। जैसे ही वे गाड़ी से दूर हुए, आरोपी शुभम इंगले ने मौका पाकर बैग की तलाशी ली और उसमें रखे एक लाख सात हजार रुपये नगद तथा विवो कंपनी का मोबाइल निकाल लिया। जब तक जगन वापस आते, आरोपी शुभम गाड़ी लेकर वहां से फरार हो चुका था।काफी तलाश करने के बाद जब शुभम का कोई पता नहीं चला, तो पीड़ित ने जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि आरोपी शुभम फरियादी का परिचित था, इसलिए उसने आसानी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# युवक की बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई

## जबरन मल्टी के पास ले जाकर पीटा, केस दर्ज

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। एकता नगर क्षेत्र में एक युवक के साथ सरेराह मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को न केवल सरेआम पीटा, बल्कि उसे जबरन एक सुनसान जगह ले जाकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हमला किया। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी जितेंद्र पिता घीसीलाल राजपूत, जो मूल रूप से ग्राम खजुरिया के निवासी हैं और वर्तमान में एकता नगर में रहते हैं, उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। जितेंद्र ने बताया कि आरोपी छोटू पिता अवधेश दीक्षित और सोनू उनके पास आए और बिना किसी कारण के 'तू यहाँ क्या कर रहा है' कहकर विवाद करने लगे। जब जितेंद्र ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने पहले हाथ-मुक्कों से मारपीट की और फिर उसे जबरन पकड़कर आईडीए मल्टी के पास एक खाली जगह पर ले गए। वहां पहले से ही आरोपियों के कुछ अन्य साथी मौजूद थे। सभी ने मिलकर जितेंद्र को घेर लिया। आरोपी छोटू और सोनू ने उसे बेल्ट से बेरहमी से पीटा, जबकि उनके अन्य साथियों ने लात-घूंसों से हमला किया।इस हमले में जितेंद्र के चेहरे, सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल जितेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने छोटू, सोनू और उनके साथियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकाने की धाराओं में मामला दर्ज किया है।





# तेज रफ्तार कार डिवाइडर में जा घुसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**फूटी कोठी चौराहा पर बीती रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक अनियंत्रित बाइक चालक को बचाने में कार डिवाइंडर से टकरा गई। गनीमत है कि कार सवार लोगों को गम्भीर चोटें नहीं आई।**

# गिरीराज कॉलोनी के लेआउट घोटाले और जनजातीय विभाग के 3 करोड़ के फर्जीवाड़े में केस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**ईओडब्ल्यू का बड़ा एक्शन**

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शहर में सक्रिय जमीन के जादूगरों और सरकारी सिस्टम में सेंध लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू ने दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज की है, जिसमें एक तरफ गिरिराज कॉलोनी में ले-आउट का बड़ा घोटाला सामने आया है, तो दूसरी तरफ जनजातीय कार्य विभाग में बिना टेंडर के तीन करोड़ की अवैध खरीदी का भंडाफोड़ हुआ है। जमीन धोखाधड़ी का पहला मामला ग्राम पिपल्या लोहार और खडराखेड़ा क्षेत्र की गिरिराज कॉलोनी से जुड़ा है। यहाँ दृष्टि देवकान प्रा.लि. के संचालकों ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) को गुमराह कर अवैध तरीके से ले-आउट मंजूर कराया। आरोपियों ने शपथ पत्र देकर दावा किया था कि कॉलोनी की एप्रोच रोड 9 मीटर चौड़ी है, जबकि जमीनी हकीकत में वह सड़क सिर्फ 9 फीट निकली। एसपी रामेश्वर यादव के अनुसार, गड़बड़ी पकड़े जाने पर प्रशासन ने ले-आउट की अनुमति तो निरस्त कर दी थी, लेकिन आरोपियों ने निरस्त अनुमति का ही हवाला देकर कई लोगों को प्लॉट बेच दिए और लाखों रुपए की ठगी की। इस मामले में शैलेश माहेश्वरी, विनोद माहेश्वरी, कुंवर सिंह, राजू पंवार और माया राजपूत को आरोपी बनाया गया है।

### 3 करोड़ की खरीदी में गायब मिले बिल और रिकॉर्ड

दूसरी कार्रवाई में जनजातीय कार्य विभाग के बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। विभाग के अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी टेंडर प्रक्रिया के करीब 3 करोड़ रुपए का सामान खरीद डाला। जांच में चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि इस भारी-भरकम खरीदी के न तो कोई वैध बिल पेश किए गए और न ही स्टॉक रजिस्टर में इसका कोई रिकॉर्ड मिला। कागजों में सामान नीमच से खरीदना दिखाया गया है, लेकिन यह सामान किन हॉस्टलों या संस्थानों में पहुँचा, इसका कोई पता नहीं है। सरकारी धन के इस खुले दुरुपयोग के मामले में प्रशांत आर्य, भारत सिंह, अयुब खान और राघवेन्द्र सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# तीन बच्चों के पिता ने फंदे पर झूलकर दी जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## पत्नी गई थी मायके, सुबह मां उठाने गई तो कमरे में लटका मिला शव

चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। मृतक तीन बच्चों का पिता था और पेशे से ठेकेदारी का काम करता था। घटना के वक्त उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



घटना न्यू व्यास नगर की है। यहाँ रहने वाले संजय पिता मांगीलाल (38)ने अपने घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बताया कि संजय गुरुवार रात को अपने कमरे में सोने गया था। शुक्रवार सुबह जब वह काफी देर तक सोकर नहीं उठा, तो उसकी मां उसे जगाने के लिए कमरे में पहुंची। दरवाजा खोलते ही उन्होंने बेटे को फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद उनकी चीख निकल गई।

बताया जा रहा है कि संजय की पत्नी पिछले कुछ दिनों से ऋषि पैलेस स्थित अपने मायके गई हुई थी। संजय ठेकेदारी का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। उसके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से अब पिता का साया उठ गया है। घटना की सूचना मिलते ही पत्नी और अन्य ससुराल पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंचे। चंदन नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को जिला अस्पताल भिजवाया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिसके कारण आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।